हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
27 अप्रैल 2024, समय 1305

हरियाणा के फरीदाबाद स्थित जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने संबद्ध संस्थानों से राज्य एवं केंद्रीय नियामक निकायों द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानदंडों के अनुरूप तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के मानकों को बनाए रखने की दिशा में काम करने को कहा है।

प्रो. तोमर पलवल के एनजीएफ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में सभी संबद्ध संस्थानों के निदेशक-प्राचार्यों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक का आयोजन संबद्ध महाविद्यालयों से संबंधित विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए किया गया था।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने को प्राथमिकता देने पर बल देते हुए प्रो. तोमर ने कहा कि 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति संबद्ध संस्थानों को अकादमिक स्वायत्तता प्राप्त करने का अधिकार देता है। उन्होंने संस्थानों से नियामक निकायों द्वारा निर्धारित मानदंडों को पूरा करके अकादमिक स्वायत्तता प्राप्त करने के लिए रूपरेखा तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि अकादमिक स्वायत्तता उन्हें अपने अकादमिक-संबंधी निर्णय लेने में अधिक स्वतंत्र बनाएगी।

कुलपति ने संस्थानों से नैक और एनबीए मान्यता प्राप्त करने और नैशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क के लिए प्रतिस्पर्धा करने के लिए शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए काम करने पर भी बल दिया।

....

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय और हरियाणा नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एच के सी एल) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी में और कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है। समझौता ज्ञापन पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और हरियाणा नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंधकीय निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिजीत कुलकर्णी ने हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि इस साझेदारी के माध्यम से हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अब कौशल विकास के लिए हरियाणा नॉलेज कॉर्पाकरेशन एच के सी एल द्वारा चलाए जा रहे सूचना प्रौद्योगिकी और कौशल उन्नयन के विभिन्न कोर्स विश्वविद्यालय में रहकर ही कर सकेंगे। हरियाणा नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंधकीय निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकार अभिजीत कुलकर्णी ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी और कौशल विकास में प्रशिक्षण प्रदान करना उनकी प्राथमिकता है। इस साझेदारी से हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थी विभिन्न उच्च गुणवत्ता वाले कोर्स कर सकेंगे, जो उनके विश्वविद्यालय के कोर्स के साथ-साथ उन्हें कौशल विकास प्रदान कर उनका आत्मविश्वास बढ़ा कर विभिन्न क्षेत्रों में उन्हें रोजगार प्रदान करने के लिए सशक्त बनाएंगे।

....

गुरूग्राम के सेक्टर 69 स्थित ट्यूलिप वाइट सोसाइटी में रहने वाले आरव भट्ट ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा जे.ई.ई. में देशभर में तीसरा स्थान हासिल किया है जबकि उसका भाई आरूष भट्ट, 5 हज़ार 660वें स्थान पर रहा।

आरूष भट्ट ने बताया कि उन्होंने नौवीं कक्षा में तालाबंदी के समय मोबाइल और खेल से दूरी बना ली थी जिसका फायदा उन्हें अब मिला। आरूष ने बताया कि वो आई आई टी में मैथ के प्रोफेसर बनना चाहते हैं।

....

हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अंकुर गुप्ता ने कल प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अंबाला शहर एवं अंबाला छावनी की नई अनाज मंडी में गेहूं खरीद प्रक्रिया का निरीक्षण किया।

श्री गुप्ता ने अंबाला छावनी में खरीदी गई फसलों की अदायगी की स्थिति की जानकारी हासिल की। उन्होंने गेहूं की ढेरी पर जाकर नमी मीटर से गेहूं की नमी की जांच की।

मंडी सचिव नीरज भारद्वाज ने उन्हें बताया कि पिछले वर्ष एक लाख 17 हज़ार 562 क्विंटल गेहूं की आवक हुई थी और इस वर्ष अभी तक एक लाख 47 हज़ार 378 क्विंटल गेहूं मंडी में पंहुची है और एक लाख 45 हज़ार 184 क्विंटल गेहूं की खरीद कर ली गई है। इसके ईलावा 55 हज़ार 750 क्विंटल गेहूं का उठान हो गया है।

इसके उपरांत अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अम्बाला शहर अनाज मंडी में रजिस्टरों की जांच की।

....

पंचकूला ज़िले की मंडियों में सरकारी खरीद एजेंसियों ने कल तक 30 हज़ार 654 टन गेहूं और 639 टन सरसों की खरीद और 631 टन सरसों और 14 हज़ार 421 टन गेहूं का उठान किया गया।

खाद्य उवं आपूर्ति विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि 30 हज़ार 654 टन गेहूं में से 14 हज़ार 154 टन गेहूं की खरीद रायपुररानी अनाज मंडी एवं 15 हज़ार 600 टन गेहूं की खरीद बरवाला अनाज मंडी से की गई है।

....